# मनरेगा में सामाजकि अंकेक्षण

## प्रलिम्सि के लयि:

[महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS)](), [सामाजकि अंकेक्षण](), [अमृत सरोवर](), [जलदूत एप]()

## मेन्स के लयि:

मनरेगा के कार्यान्वयन के मुद्दे, सरकारी नीतयिाँ और हस्तक्षेप, वकिास से संबंधति मुद्दे


[स्रोत: द हदिू]()

## चर्चा में क्यों?

**ग्रामीण वकिास मंत्रालय (MoRD)** द्वारा अनुरक्षति [सामाजकि अंकेक्षण]() पर प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) का हालयिा डेटा [महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS)]() में सामाजकि अंकेक्षण की प्रगतऔिर चुनौतयिों पर प्रकाश डालता है।

## मनरेगा में सामाजकि अंकेक्षण की प्रगतकि्या है?

- सामाजकि अंकेक्षण पर MIS के आँकड़ों के अनुसार, 34 राज्यों और केंद्रशासति प्रदेशों में से केवल **6 ने** ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कयि गए कार्यों के **सामाजकि अंकेक्षण को पूरा करने में 50% का आँकड़ा** पार कर लयिा है।
- **सामाजकि अंकेक्षण में** व्यापक और समावेशी दृष्टकिोण का प्रदर्शन करते हुए **ग्राम पंचायतों में 100% कवरेज** हासलि कर केरल अग्रणी बनकर उभरा है।
  - केरल के अलावा पाँच अन्य राज्यों ने सामाजकि अंकेक्षण कवरेज में 50 प्रतशित का आँकड़ा पार कर लयिा है, जनिमें **बहिार (64.4 %), गुजरात (58.8 %), जम्मू-कश्मीर (64.1 %), ओडशिा (60.42 %) और उत्तर प्रदेश (54.97 %)** शामलि हैं।
- केवल तीन राज्यों तेलंगाना (40.5%), हमिाचल प्रदेश (45.32%) और आंध्र प्रदेश (49.7%) ने 40% या अधकि गाँवों को कवर कयिा है।
- तेलंगाना के अलावा चुनाव वाले राज्यों में संख्या वास्तव में कम है जनिमें मध्य प्रदेश (1.73%), मज़िोरम (17.5%), छत्तीसगढ़ (25.06%) और राजस्थान (34.74%) हैं।




[//]()

## सामाजकि अंकेक्षण क्या है?

- **परचिय:**
  - सामाजकि अंकेक्षण **आधकिारकि रकिॉर्ड की समीक्षा करने** और यह नर्धारति करने की एक प्रक्रयि है कि क्या राज्य द्वारा रपिोर्ट कयि गए व्यय ज़मीन पर खर्च कयि गए वास्तवकि धन को दर्शाते हैं।
  - सामाजकि अंकेक्षण **मनरेगा अधनियिम, 2005 में अंतर्नहिति** [भ्रष्टाचार वरिोधी]() **तंत्र** है।
    - इसमें मनरेगा के तहत बनाए गए बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता, मज़दूरी में वत्तीय हेराफेरी और कसिी भी प्रक्रयित्मक वचिलन की जाँच करना शामलि है।
- **उद्देश्य:**
  - स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजकि अंकेक्षण नागरकिों को सरकारी पहलों की दक्षता और प्रभावशीलता की जाँच तथा मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है।
- **वैधानकि फरेमवर्क:**
  - मनरेगा के संदर्भ में [महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधनियिम (MGNREGA)]() की **धारा 17** ग्राम सभा को कार्यों के

निष्पादन की निगरानी और सामाजिक लेखा परीक्षा के लिये कानूनी आधार प्रदान करने का आदेश देती है।
  - **योजना नियम अंकेक्षण, 2011,** जिसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजनाओं की लेखापरीक्षा नियम, 2011 के रूप में भी जाना जाता है, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) के सहयोग से ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित किये गए थे।
    - ये नियम देश भर में पालन किये जाने वाले सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रियाओं और **सोशल ऑडिट यूनिट (SAU)**, राज्य सरकार एवं मनरेगा के फील्ड कार्यकर्त्ताओं सहित विभिन्न संस्थाओं के कर्त्तव्यों की रूपरेखा तैयार करते हैं।
  - सामाजिक अंकेक्षण इकाइयाँ **कार्यान्वयन प्राधिकारियों से स्वतंत्र रूप से कार्य करती** हैं, जिससे कार्यक्रमों का निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित होता है।
  - सामाजिक अंकेक्षण इकाइयों की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिये वे गत वर्ष राज्य द्वारा किये गए **मनरेगा व्यय के 0.5% के बराबर धनराशि** के हकदार हैं।
  - ऐसे मामलों में जहाँ राज्य नियमित सामाजिक अंकेक्षण करने में विफल रहते हैं, केंद्र के पास मनरेगा के तहत आवंटित धन के वितरण को रोकने का अधिकार है।
- **कार्यान्वयन में चुनौतियाँ:**
  - सामाजिक अंकेक्षण के लिये वैधानिक फ्रेमवर्क विशेष रूप से स्थानीय समुदायों के बीच सीमित जागरूकता के चलते इस प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी को बाधित कर सकता है।
  - सामाजिक अंकेक्षण इकाइयों के लिये सीमित वित्तीय संसाधन उनकी गतिविधियों के दायरे को सीमित करते हुए संपूर्ण और प्रभावी ऑडिट करने की उनकी क्षमता से समझौता कर सकते हैं।
  - **राजनीतिक प्रभाव** सामाजिक अंकेक्षण की निष्पक्षता में बाधा डाल सकता है, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया की प्रामाणिकता व निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।
  - **कार्यान्वयन प्राधिकारियों एवं सामाजिक लेखापरीक्षा इकाइयों के सहयोग और समन्वय का अभाव।**
  - सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्टों के निष्कर्षों और सिफारिशों पर अनुवर्ती निरंतरता एवं कार्रवाई का अभाव।
  - निहित स्वार्थों की वजह से धमकियों और उत्पीड़न का सामना करने वाले सामाजिक लेखा परीक्षकों और मुखबिरों के लिये सुरक्षा और समर्थन का अभाव।

## मनरेगा:

- **परिचय:**
  - MGNREGS **वर्ष 2005** में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किये गए विश्व के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
    - मनरेगा एक वैधानिक फ्रेमवर्क है जो योजना के कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है और **ग्रामीण गरीबों को काम करने का अधिकार** देती है।
  - MGNREGS के तहत कुल 11.37 करोड़ परिवारों ने रोज़गार प्राप्त किया और (15 दिसंबर, 2022 तक) कुल 289.24 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोज़गार उत्पन्न हुआ है।
- **उद्देश्य:**
  - यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को **100 दिन के रोज़गार की गारंटी देती** है जो सार्वजनिक कार्य-संबंधित अकुशल मज़दूरी करने के लिये तैयार हैं।
  - गरीबों के **आजीविका संसाधन** आधार को मज़बूत करना।
  - सक्रिय रूप से सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करना।
  - पंचायती राज संस्थाओं (PRI) को सशक्त बनाना।
- **मनरेगा की उपलब्धियाँ**
  - मंत्रालय ने भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) का उपयोग करके **वाटरशेड विकास सिद्धांतों** (रिज टू वैली एप्रोच) के आधार पर ग्राम पंचायतों की एक एकीकृत समग्र योजना शुरू की है।
    - इसे दिसंबर 2022 तक 2,62,654 ग्राम पंचायतों की योजनाओं को तीन वर्ष में पूरा करने के लक्ष्य के साथ डिज़ाइन किया गया है।
- **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि प्रबंधन प्रणाली (NeFMS)/डीबीटी:**
  - मनरेगा के तहत 99% मज़दूरों को उनकी मज़दूरी सीधे उनके बैंक/डाकघर खातों में प्राप्त हो रही है।
  - यह पारदर्शिता तथा समय पर वेतन जारी करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- **सेक्योर (SECURE):**
  - SECURE एक ऑनलाइन एप्लीकेशन है जिसे विशेष रूप से मनरेगा कार्यों के लिये अनुमान तैयार करने तथा अनुमोदन हेतु डिज़ाइन एवं विकसित किया गया है।
- **कौशल विकास:**
  - परियोजना "उन्नति" का उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों के कौशल-आधार को उन्नत करना और इस तरह उनकी आजीविका में सुधार करना है, ताकि वे वर्तमान आंशिक रोज़गार से पूर्ण रोज़गार की ओर बढ़ सकें।
    - दिसंबर 2022 तक 27,383 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।
- **कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये नई पहलें:**
  - अमृत सरोवर
  - जलदूत एप
  - लोकपाल

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम" से लाभान्वित होने के पात्र हैं? (2011)**

(a) केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों के वयस्क सदस्य
(b) गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों के वयस्क सदस्य
(c) सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य
(d) किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/social-audits-in-mgnregs